दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 198 मुरादाबाद 15November 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी में अब गर्मियों में नहीं जाएगी बिजली, 24 घंटे आपूर्ति के लिए योगी सरकार बना रही नई व्यवस्था का ब्लूप्रिंट



योगी सरकार उत्तर प्रदेश में बिजली व्यवस्था के ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन करने जा रही है। केंद्र और राज्य सरकार की पुनरोत्थान वितरण क्षेत्र योजना (रिवैंप), जिसमें प्रदेश सरकार की 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के लिए अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने के लिए कह दिया गया है। उपभोक्ताओं को निर्बाध व सुरक्षित बिजली आपूर्ति देने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी डिस्काम को जल्द से जल्द कार्ययोजना बनाकर काम शुरू करने का निर्देश दिया है।

### अगली गर्मी में मिलनी चाहिए निर्बाध बिजली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से स्पष्ट निर्देश है कि काम में तेजी लाने और वर्तमान बिजली व्यवस्था के ढांचे में बदलाव का ब्लूप्रिंट शीघ्र तैयार कर लिया जाए। उत्तर प्रदेश में अभी तकरीबन 3 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं। सीएम योगी की ओर से कह दिया गया है कि हर हाल में अगली गर्मी से पहले प्रदेश के सभी बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए मजबूत स्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए अभी से रणनीति बनाकर काम शुरू किया जाए, जिससे इस साल की गर्मियों जैसी स्थिति का सामना ना करना पड़े। इसके लिए नये सब स्टेशन बनाने, ट्रांसमिशन एवं वितरण की सुचारू व्यवस्था विकसित करने तथा नयी बिजली उत्पादन इकाइयों को सक्रिय करने पर युद्धस्तर पर काम किया जाए।

### यूपी सरकार ने की पांच हजार करोड़ की व्यवस्था

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज के अनुसार रिवैंप योजना के तहत प्रदेश के कई जिलों में टेंडरिंग की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। इस योजना से प्रदेश में बिजली के क्षेत्र में व्यापक बदलाव नजर आएगा। योजना को पूरी तरह से मूर्त रूप देने के लिए 2024-25 की डेडलाइन तय की गयी है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से इसके लिए पांच हजार करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की गयी है। सरकार की इस योजना को रिजल्ट ओरियेंटेड बताया गया है। इसमें एग्रीगेट टेक्निकल एंड कॉमर्शियल लॉस (एटी एंड सी) को 12-15 फीसद तक लाना भी शामिल है। इसके अलावा एवरेज कॉस्ट सप्लाई और एवरेज रेवेंन्यू रिलाइजेशन को भी जीरो करना है। कुल मिलाकर बिजली के नुकसान को न्यूनतम स्तर पर लाना है।

### बनेंगे नए बिजली घर, पुराने की क्षमता में विस्तार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से बिजली विभाग के आला अधिकारियों को जल्द से जल्द फाइनल डीपीआर बनाने और टेंडरिंग प्रक्रिया को अमल में लाने के लिए कह दिया गया है। अबतक चली आ रही आइपीडीएस, सौभाग्य एवं दीनदयाल उपाध्याय योजना को भी रिवैंप में समाहित किया जाना है। इसके तहत 33-11 केवी के नये बिजलीघर बनाये जाने हैं। साथ ही पहले से निर्मित 33-11 केवी बिजली घरों की क्षमता में भी वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा 33 केवी की ओवरलोडेड लाइन और उनमें से जिनपर एक से ज्यादा बिजलीघर जुड़े हैं, उन्हें अलग-अलग किया जाएगा। इसके लिए अलग से नयी लाइनें बनेंगी। इसी प्रकार ओवरलोडेड बिजलीघरों की क्षमता में वृद्धि करना और नये डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर लगाया जाना शामिल है।

### यूपी में 24 घंटे निर्बाध मिलेगी बिजली

योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी मजरों, गांवों, नगरों और महानगरों को 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने का लक्ष्य है। इसके अलावा फॉल्ट होने या ब्रेक डाउन की स्थिति में केवल एक लाइन को प्रभावित करना, लो वोल्टेज की समस्या से निजात पाना तथा सुरक्षित बिजली आपूर्ति के लिए आरमर्ड सर्विस केबिल को उपयोग में लाना शामिल है। वहीं त्रुटिरहित और समय से बिजली बिल, स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग की व्यवस्था भी इस योजना में शामिल है। साथ ही हर फीडर की निगरानी करने के लिए अलग स्विच लगाए जाएंगे।

### भविष्य की जरूरतों का रखा जाएगा ध्यान

सरकार की ओर से प्रदेश में नये बने नगर निकायों में शहरों की भांति बिजली आपूर्ति देने के लिए मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत धनराशि प्रदान करने की बात कही गयी है। इसके लिए भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नये सिरे से पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए अधिकारियों को कह दिया गया है।

## 'लाइफ इज वन वे ट्रैफिक' राष्ट्रपति मुर्मू ने बाल दिवस पर छात्रों को दिया संदेश



भारत में हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को इस अवसर पर राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (आरबीसीसी) में विभिन्न स्कूलों के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान छात्रों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। आपको मालूम हो कि राष्ट्रपति मुर्मू ने 1994 से 1997 तक श्रीअरबिंदो इंटीग्रल एजुकेशन सेंटर, रायरंगपुर में एक मानद शिक्षक के रूप में कार्य किया था।

### छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कही यह बात

बाल दिवस बच्चों के लिए एक खास दिन होता है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में छात्रों को संबोधित करते हुए भारत की संस्कृति से जुड़े रहने, हमेशा अपने माता-पिता का सम्मान करने और मातृभूमि से प्यार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आज हम बच्चों की इस मासूमियत और पवित्रता का जश्न मना रहे हैं। बच्चे जैसे हैं वैसे ही स्वीकार किए जाते हैं। यही उन्हें सबसे ज्यादा जीवंत बनाता है।

## मैनपुरी उपचुनाव के लिए डिंपल यादव ने भरा पर्चा, मुलायम सिंह को किया याद



समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिये अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले सोमवार को कहा कि वह मुलायम सिंह यादव के सिद्धांतों और मूल्यों को अपना आज का नामांकन समर्पित करती हैं। डिंपल यादव ने एक ट्वीट में कहा कि नेताजी को सादर नमन के साथ, हम आज का नामांकन उनके सिद्धांतों और मूल्यों को समर्पित कर रहे हैं। नेताजी का आशीर्वाद हम सबके साथ हमेशा रहा है, हमेशा रहेगा। मैनपुरी लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव पांच दिसंबर को होगा और नतीजे आठ दिसंबर को घोषित किए जाएंगे

सोनभद्र में बभनी विकास खंड के कारीडांड़ चपकी में स्थित सेवा समर्पण संस्थाना सेवाकुंज आश्रम में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री के शामिल होने की पूरी संभावना है। वह यहां पर एक घंटे तक रहेंगे। उसके बाद बिहार में आयोजित किसी अन्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो जाएंगे। मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई मैनपुरी सीट पर सोमवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल ने नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के साथ डिंपल ने 19 पेज में अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत विकासखंड गिलौला के क्षेत्र पंचायत सदस्यों के प्रथम बैच का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर विकास भवन परिसर भिनगा में शुरू हुआ। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संस्थान के सह प्राचार्य बृजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन और बेहतर तरीके से करने में सक्षम होंगे सशक्तिकरण में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए विकास योजना बनवाने में सहयोग करें तो पंचायती राज की संकल्पना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं मूर्त रूप दिया जा सकता है।, वरिष्ठ प्रशिक्षक डॉ प्रवीण दीक्षित ने उपस्थित प्रतिभागियों को पंचायत कल्याण कोष मातृभूमि योजना और क्षेत्र पंचायत विकास योजना के संदर्भ में विस्तार से जानकारी प्रदान किया साथ ही विकास खण्ड इकौना का प्रमाण पत्र वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। इस इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य गीता देवी, राजू, संतोष, मयंक वर्मा, कुमारी देवी भानुमति, रीना प्रहलाद, रामखेलावन, हनुमान प्रसाद, विपिन वर्मा, शरीफ अली, अनीता देवी, अनवरी बेगम, त्रिभुवन, हुकुमचंद, राजेश कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# बाल दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय में बाल मेले का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती जमुनहा विकासखंड की न्याय पंचायत बैजनाथपुर के संकुल प्रभारी एवं राज्य पुरस्कार से सम्मानित अध्यापक मुनव्वर मिर्जा के दिशा निर्देशन में प्राथामिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय उड़लहवा सेहरिया के संयुक्त तत्वाधान में प्राथमिक विद्यालय उड़लहवा सेहरिया के प्रांगण में बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले का उद्घाटन खंड शिक्षाधिकारी जमुनहा सुनीता वर्मा के द्वारा किया गया बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाकर मनमोहक कार्य किया उनमें नयी शिक्षा नीति 2020 के अनुसार सीखने और अनुभव करने तथा ज्ञान वृध्दि करने का अवसर मिला। इस मेले खण्ड शिक्षा अधिकारी, मोतीलाल (प्र0अ0), बालमुकुंद मौर्या (स0अ0), अजय कुमार वर्मा (स0अ0), अक्लीमा खातून (स0अ0), विजय कुमार, निशी कुमारी (शिक्षामित्र), आशीष कुमार मिश्र ग्राम पंचायत अधिकारी तथा जिला एडमिन एडूलीडर्स विद्यालय की समस्त छात्र/छात्राए, सेव द चिल्ड्रेन्स पंकज कुमार यादव तथा ऋचा साहू ब्लाक सुपरवाजर एवं ग्राम पंचायत उड़लहवा प्रधान शान्ती देवी तथा ग्राम पंचायत सेहरिया प्रधान रहीस खां आदि लोग उपस्थित रहे।।

# राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय) डी0पी0 सिंह की अध्यक्षता में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 के मतदान हेतु कतिपय मतदान केन्द्रों/स्थलों के परिवर्तन किये जाने हेतु समस्त जिलाध्यक्ष/ सचिव, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट कक्ष में बैठक की गई बैठक में नगर पालिका परिषद् भिनगा के वार्ड-01 मंगलभट्ठा, वार्ड-02 अम्बेडकरनगर एवं वार्ड-15 बन्दरहा उत्तरी हेतु पूर्व निर्धारित मतदान केन्द्र/स्थलों के परिवर्तन के संबंध में समस्त राजनैतिक दलों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी। नगर पालिका परिषद् भिनगा के वार्ड 25 गांधीनगर हेतु पूर्व निर्धारित मतदान केन्द्र/स्थलों को पूर्ववत् (बिना कोई परिवर्तन के) रखने पर सहमति व्यक्त की गयी।

# छात्राओं से पोंछा लगवाने के साथ खाना बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अलीगढ़ के कस्बा विजयगढ़ स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में प्रधानाध्यापिका द्वारा छात्राओं से पोंछा लगवाने के साथ खाना बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ होने पर अविभावकों में आक्रोश व्याप्त हो गया जिसकी शिकायत जिलाधिकारी अलीगढ़ के साथ शिक्षा अधिकारी एवं मुख्यमंत्री को एक माह पूर्व दी गई, तब से अब तक छात्राओं की शिक्षा में बांधा आ रही हैं, इस मामले में जिलाधिकारी द्वारा जांच खण्ड शिक्षा अधिकारी को दी गई, जहां छात्राओं के साथ अविभावकों को बीआरसी पर बुलाया गया, अविभावकों का आरोप हैं कि तीन घंटे इंतजार के बाद जांच अधिकारी बीआरसी पहुंचे, जहां हमारी समस्या का समाधान न करते हुए प्रधानाध्यापिका के पक्ष में बात करते हुए बच्चों को अन्य विद्यालय में पढ़ाई करने को कहते हुआ कहा कि आवासीय विद्यालय में काम काज कराया जाता हैं, इसी को लेकर अविभावकों में और आक्रोश व्याप्त हो गया, अविभावकों का कहना है प्रधानाध्यापिका को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विजयगढ़ से नहीं हटाया गया तो वह जिलाधिकारी अलीगढ़ कार्यालय में पहुंच कर शिकायत करेंगे

# बाल दिवस पर एसबीएस स्कूल में खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद - बाल दिवस के मौके पर एसबीएस हायर सेकेंडरी स्कूल रुदायन गोपी में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक मुनेश चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। बच्चों ने दौड़, क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, ऊंची कूद, आदि खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनके जन्म दिवस पर याद किया गया तथा बच्चों के अधिकारों एवं अभिभावक और समाज के लोगों का बच्चों के प्रति कर्तव्य की विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर समाज सेवियों ने बच्चों के बीच मिठाइयां व अन्य सामग्री का वितरण किया। शिक्षकों ने भी बच्चों को प्रथम प्रधानमंत्री के जीवन व कार्यों की जानकारी दी तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनय चतुर्वेदी, मित्रेश चतुर्वेदी, रुकमपाल सिंह, अनंत देव चतुर्वेदी, शक्ति पाल सिंह, समीर, जुगेंद्र सिंह, अनिल यादव, प्रमोद कुमार, गुरु दत्त शर्मा, याशिका चतुर्वेदी, राधा कुमारी, विवेचना, प्रगति उपाध्याय, मानसी पाठक, हिमांशी, नेहा, सोनी, नेहा कौशिक, सोनी, करिश्मा, सुरभि उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# लेखपाल संघ के स्थापना दिवस पर गरीब बच्चों को पेन पेंसिल व चाकलेट का बितरण किया



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद - उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के स्थापना दिवस के उपलक्ष में प्राइमरी स्कूल में गरीब बच्चों को पेन पेंसिल इरेज़र रबर कटर चॉकलेट इत्यादि का गरीब बच्चों को बितरण किया गया।

उप शाखा तहसील कोल अध्यक्ष संजय सिंह तोमर व उपाध्यक्ष अंकुर वार्ष्णेय व तहसील मंत्री दीपिका उपमंत्री पंकज मित्तल व कोषाध्यक्ष गोपाल सिंह व व समस्त लेखपाल उपस्थित रहे।

# दिनावली चौराहे के निकट मैक्स की चपेट में आने से छात्र जख्मी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





अलीगढ-अकराबाद -थाना क्षेत्र में अकराबाद विजयगढ़ रोड गांव दिनावली चौराहे के समीप सोमवार की सुबह उस समय एक बड़ा हादसा टल गया जब एक तेज रफ्तार मैक्स लोडर ने साईकिल द्वारा कालेज जा रहे एक छात्र को रोंद दिया और मैक्स उसे काफी दूर तक साईकिल सहित घसीटते हुये खाई में घुस गई इसे ईश्वरीय चमत्कार कहें या उसका समय, उसकी जान बच गई। गांव दिनावली निवासी भगवान सिंह का बेटा अकराबाद के राष्ट्रीय इंटर कालेज में कक्षा नौ मैं पढ़ता है।सोमवार की सुबह वह कालेज जारहा था। इसी दौरान मैक्स लोडर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे के बाद आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर आगये और घायल छात्र को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। हादसे की जानकारी पर थाने से एसएसआई जनमेदसिंह सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये पुलिस ने मैक्स को अपने कब्जे में ले लिया हैं।

# पंडित जवाहरलाल नेहरू जी जयंती बाल दिवस

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-जिला कांग्रेस कमेटी गंज गुरहटटी कार्यालय पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री माननीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती का आयोजन किया गया आप की जयंती भारत में बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है। नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी कांग्रेसी जनों ने पुष्पांजलि अर्पित की और भावभीनी श्रद्धांजलि प्रस्तुत की ।अध्यक्षता करते हुए असलम खुर्शीद ने कहा कि आपका जन्म 14 नवंबर 1889 में हुआ था आप स्वतंत्रता के लिए वर्षों तक आंदोलन में जेल में अंग्रेजों के अत्याचार जुल्म सहन किय । पंडित जवाहरलाल नेहरु जी को चाचा नेहरू के नाम से भी पुकारा जाता था वह बच्चों को बहुत प्यार स्नेह करते थे इसलिए उनका जन्मदिन *बाल* *दिवस* के रूप में मनाया जाता है। नेहरू जी आधुनिक सोच के नेता थे 1947 पाकिस्तान बनने भारत के बंटवारे में हुए दंगे के बाद देश को आधुनिक सोच के साथ संभाला भारत में कोई कल कारखाने नहीं थे। सूई तक नहीं बनती थी भारत की जीडीपी शुन्य थी, परंतु पंडित जी की आर्थिक नीति के कारण जीडीपी 3.5 की छलांग लगाकर गति पकड़ ली। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने डीआरडीओ संस्थान हथियारों के कारखाने अंतरिक्ष अनुसंधान, शिक्षा के संस्थान आईआईटी मेडिकल कॉलेज शिक्षा के उच्च संस्थानो की स्थापना की। किसानों के लिए कॉपरेटिव व्यवस्था बनाई। जमींदारा खत्म किया। और आधुनिक भारत के निर्माता कहलाए। आज वर्तमान केंद्र सरकार हारे हुए जुआरी की भान्ति पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा जो कारखाने पब्लिक सेक्टर के संस्थान स्थापित किए थे कांग्रेस सरकारों के स्थापित पब्लिक संस्थानों को बेच रही है।पंडित जवाहरलाल नेहरू जयंती गोष्ठी में मुख्य रूप से असलम खुर्शीद जिलाध्यक्ष शकील सरवर हाशमी श्याम सरन एडवोकेट अफजल साबरी गंगाराम शर्मा गयूर अंसारी राजेंद्र बाल्मीकि मोहत्सीम मुख्तार भयंकर सिंह बौद्ध इरशाद हुसैन शहजाद खा रईस खा इफ्तिखार मोहम्मद सरफराज मोहम्मद मुकर्रम मोहम्मद जुनेद भारतीय परवेज़ इस्लाम सोनी सैफी साहिल अली इरशाद अहमद बन्ने पहलवान यामीन वारसी फैज हुसैन समीर हुसैन सुरेश चंद कामिल मंसूरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। असलम खुर्शीद जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद।

# नया मुरादाबाद योजना के सेक्टर-9 में स्थित हर्बल पार्क में बाल मेला का आयोजन किया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





मुरादाबाद-नया मुरादाबाद योजना के सेक्टर-9 में स्थित हर्बल पार्क में बाल मेला का आयोजन किया गया, जिसमें ड्राइंग, फैन्सी डेऊस, म्यूजिकल चेयर, 100 मीटर दौड़, समूह नृत्य, रंगोली आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने मेडल एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विशेष प्रयासों से आज हर्बल पार्क की शक्ल बदल रही है तथा यहां आने वाले रोडो को दुरस्त किया जा रहा है। एम0डी0ए0 ने एक टीम भावना के साथ हर्बल पार्क में एक अच्छा कार्य किया है और हर्बल पार्क को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि हर्बल पार्क को एक लर्निंग प्वाइंट के रुप में भी विकसित किया जाये , ताकि बच्चों को यहां आकर नई जानकारी मिले। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी आशा है कि हर्बल पार्क में बहुत अच्छा सुधार हुआ है और होता रहेगा। उन्होंने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण टीम द्वारा किए गये कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर्बल पार्क को और बेहतर बनाने के हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हर्बल पार्क हर वर्ग एवं बच्चों के लिए भिन्न-भिन्न एक्टिविटी का भी केन्द्र बनेगा इस अवसर पर उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण शैलेश कुमार सिंह ने हर्बल पार्क की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरुकता पैदा करना है। मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, एसएसपी, एमडीए सदस्य, सीडीओ, नगर आयुक्त को सम्मान चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया। सचिव एमडीए ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन एच0डी0एफ0सी0 बैंक द्वारा किया गया तथा संचालन डा0 प्रदीप गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, नगर आयुक्त संजय चैहान, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, एसपी टैऊफिक अशोक कुमार, नगर मजिस्टेऊट ज्योति सिंह, अपर नगर मजिस्टेऊट, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी आदि सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# वार्षिक लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कार्यो में तेजी लाये-जिलाधिकारी



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कलेक्टेऊट सभागार में आहूत बैठक में मुख्यमंत्री जी विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों के अन्तर्गत विद्युत, लोक निर्माण विभाग, सामुदायिक शौचालय, हैण्डपम्प रिवोर, आपरेशन कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, पेयजल मिशन, पेंशन, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, कन्या सुमंगला योजना, सामाजिक वनीकरण, कौशल विकास, शादी अनुदान, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, आदि की समीक्षा करते हुये लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए निवेश मित्र एवं झटपट पोर्टल को नियमित रुप से मेन्टेन करने के निर्देश दिए। पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन निर्माण की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को नियमित मानीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। मनरेगा में कुल सृजित मानव दिवस के सापेक्ष महिलाओं द्वारा सृजित मानव दिवस का प्रतिशत कम होने पर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन के पेंशन संबंधी जो भी आवेदन आये उनकी स्वीकृति प्रदान की जाये। जिलाधिकारी ने कन्या सुमंगला योजना एवं महिला पेंशन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकरियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर आवेदन लम्बित न रहें। योजना का लाभ सही ढंग से पात्रों तक पहुंचायें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि पात्रों को लाभान्वित किया जा सके। आपरेशन कायाकल्प के अर्न्तगत 93.2 प्रतिशत संतृप्तिकरण की प्रगति होने पर ब्लाक स्तर पर बैठक कर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कौशल विकास के अर्न्तगत अधिक से अधिक छात्राओं के प्लेसमेंट कराने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजनार्न्तगत लक्ष्य की प्राप्ति होने पर जिलाधिकारी ने कहा कि पोर्टल पर भी अपडेट कर दें। स्वरोजगार योजना में कार्य प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, परियोजना निदेशक सतीश कुमार मिश्रा, जिला अर्थसंख्याधिकारी सहित जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, सहित लोक निर्माण, पंचायतीराज, शिक्षा, समाज कल्याण, प्रोबेशन, अल्पसंख्यक, वन, पिछडा वर्ग कल्याण, कौशल विकास, खादीग्रामोद्योग विभागों के अधिकारी अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायीं संस्थाओं के प्रबन्धक उपस्थित रहें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Chalde Garatan Manje Gatta Paana

By the time the elections were on the threshold of voting, the election had become a vegetable market of potatoes and onions, and the parties, saving their definition, started blaming each other. In the last phase of the campaign, the itching of the issues has now started getting exposed in the list of conflicting statements, so it has to be accepted that these words have become dishonorable to the stability of Himachal Pradesh. In the definition of a stable government, the BJP has now poured gunpowder on the catchphrase of the Congress and said that the root of all problems lies where the Congress is visible. In fact, this time Kalam has marked the OPS for election and the noise created on the ground is being heard. In such a situation, of course, the faces of the BJP make the role of a campaigner better than the Congress, but the Congress gets a say in worshiping the issues. In such a situation, the edge of BJP's biggest electoral attack was seen on Wednesday when the Prime Minister of the country insulted the Congress. If the slogan of Hamirpur public meeting is 'Chalde Garataan Manje Gatta Paana', then whose feet and whose ax is this. That means voting for Congress has also become a sin or it will be a suicidal attempt of the public. We cannot say directly that how much hatred will be generated towards the Congress by such a speech or how decent and mature this tone of election campaign will be tested in front of the model code of conduct, but somewhere the real issues have definitely disappeared from the election basket. Will this make them secondary or will the debate be only on the conduct of both the parties. Whatever it may be, it has to be accepted that the Prime Minister of the country is once again expressing his intention of destroying the Congress on the grounds of Himachal Pradesh. There is no doubt that every word spoken by Prime Minister Narendra Modi has a special impact and in this way he turns a simple matter into a whirlwind. This was the last shot in the neck of the Congress which came to the fore simultaneously through public meetings in Kangra and Hamirpur districts. Even though the Prime Minister does not cite the five years of his power in the state, he leaves no stone unturned to declare the previous Congress government as very incompetent. Indirectly, by becoming an advocate of Centre-State relations and double engine government, he tries to explain that the journey ahead will be completed only in BJP's equations. However, for the first time the election is Modi vs Congress or Priyanka Gandhi. A state where the BJP is neither unilaterally looting the ground by registering commitment to the Uniform Civil Code, nor is there any difference in thinking here by conducting a survey of the properties of the Waqf Board. However, the Congress has refreshed the party's traditions and its relations with Himachal Pradesh by conducting a public meeting of Priyanka Gandhi in District Sirmaur. From the point of view of Himachal, rallies of national leaders of any size and number may be successful, but the real difference is in the local equations, where Azad slogans or the attitude of the rebels are in full swing. Due to this election, who and when will become an obstacle in the house, this contest will remain till the last day. Right now Priyanka is measuring the land, while Modi is holding the sky.

# Sania Mirza and Shoaib Malik's new show announced amidst divorce news, fans confused

Tennis player Sania Mirza and Pakistani cricketer Shoaib Malik have been in constant headlines for the past few days for the news of their divorce. This kind of discussion started after a post by Sania. There were even reports that the two were living separately and all that was left was their paper-work. Although neither of the two has said anything on this yet. Amidst the news of divorce, the upcoming new reality show of Sania and Shoaib has been announced, which is named The Mirza Malik Show. Fans are confused seeing this. Users are calling the news of their divorce a publicity stunt. OTT platform shared poster- On Saturday night, OTT platform Urduflix shared a post on Instagram giving information about the new show. The name of this show is 'The Mirza Malik Show'. A poster of the show has been released which has Sania and Shoaib's photo on it. Both are posing together. Burj Khalifa is visible in the background of the poster. Significantly, the couple is currently in Dubai. Along with this, the caption reads, 'The Mirza Malik Show soon only on Urduflix.' One user wrote, 'Was the news of separation a publicity stunt because of this? Sania should not have done this.' A user writes, 'May be the show was shot before her marriage problems. They haven't shared anything on their social media pages yet.' A fan commented, 'Great to hear, stay together.' Another said, 'Forget everything and stay with each other. Wouldn't love to see Shoaib with someone else. Sania is perfect for him. Please inform that Sania and Shoaib tied the knot in the year 2010 and after that they shifted to Dubai. In 2018, their son Izhaan was born.




# Akshay Kumar's fans angry over his removal from 'Hera Pheri 3'! Trend done - NO AKSHAY NO HERA PHERI 3

Amidst reports of Karthik Aryan appearing in 'Hera Pheri 3', Akshay Kumar has made it clear that he will not be a part of the third part of the film. Ever since Akshay Kumar said that he will not be in 'Hera Pheri-3', fans on social media are reacting to it. The hashtag - NoAkshayKumarNoHeraPheri3 has started trending on Twitter. Salman Khan and Shah Rukh Khan's fans have also become a part of this trend and they too have protested against Akshay Kumar not being in Hera Pheri 3. Please tell that Akshay Kumar has been playing the role of Raju in the film Hera Pheri. The second part of the film did not get much response and after that there was news recently that Akshay will not be in part 3. Many people have tweeted about this decision of the makers. One user wrote - I do not understand what the makers are trying to do by removing Akshay Kumar from 'Hera Pheri-3'? It is like removing Hrithik Roshan from Krrish-4 and Salman Khan from Tiger-3. One user wrote – This is not a film, this is an emotion for us. One user wrote – It is not a film, it is an emotion that we have lived since childhood. You shouldn't spoil it. A fan wrote – I am a fan of Salman Khan, but Akshay Kumar also has a special place in my heart. No one can replace him. A user wrote in the comment section – Raju will be remembered for years.



# प्रबुद्धजन एवं छात्र/छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन,- बच्चों का भविष्य तय करती हैं शिक्षा-पंकज उपाध्याय

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-निधौलीकलां के सुपर मार्केट धर्मशाला में पंचायत विकास संस्थान के सौजन्य से प्रबुद्धजन/मेधावी छात्र/छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष व पंचायत विकास संस्थान के सचिव देवेन्द्र कुमार लोधी एडवोकेट रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सीनियर शिक्षक दोजीराम ने की।मंचासीनअतिथि यो में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश बौद्धिक संपदा प्रमुख/पविस के अध्यक्ष पंकज कुमार एडवोकेट हाई कोर्ट, बेसिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री नेमसिंग राजपूत, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राघब, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती ममता गुप्ता ,गजेन्द्र सिंह रहे।कार्यक्रम संयोजक देवेन्द्र लोधी और उनके पिता किशोरीलाल, सरिता एडवोकेट, योगेन्द्र सिंह ने मंचासीन अतिथि गणो का शोल उड़ाकर स्वागत किया। इस अबसर पर शिक्षक नेमसिंग राजपूत ने कहा कि शिक्षा के बिना व्यक्ति का जीवन अधूरा रहता है।इसलिए बालको को शिक्षित करना बहुत ही जरूरी है।भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह राघब ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति की अमूल्य धरोहर है।ऐसे सामाजिक जनहितैषी कार्यक्रम समय समय पर होते रहने चाहिए।भाजपा नेता श्रीमती ममता गुप्ता ने कहा कि बालक हो या बालिकाएं शिक्षा सभी के लिए अभिवावकों को समान शिक्षा ग्रहण करनी/करानी चाहिए।संयोजक देवेन्द्र लोधी एडवोकेट ने कहा कि पंचायत विकास संस्थान प्रति वर्ष प्रबुद्धजन/मेधावी को सम्मानित करती चली आ रही है।हम बालको को अच्छी से अच्छी शिक्षा गृहण कराए और उनको प्रोत्साहित करते रहे, इससे बालको में शिक्षा के साथ साथ सामाजिक एवं मानसिक विकास भी होता है। अन्त में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व शिक्षक दोजीराम बघेल ने कहा कि शिक्षा अमूल्य धन है इसे कोई बांट नही सकता, सफल जीवन जीने के लिए शिक्षा बहुत ही जरूरी है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती सरिता एडवोकेट, सरोज गुप्ता, राजकुमार गुप्ता,हीरा सिंह, किशोरीलाल, शिशुपाल सिंह, श्यामलाल, जागन सिंह, छोटेलाल, गीतम सिंह, राजीव गुप्ता,मूलचंद, महेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र कुमार, अंकित,इंद्रवती पत्नी प्यारेलाल वर्मा, गुड्डो देवी, मोहरश्री, ज्ञान सिंह, मिश्रा जी,महाराज सिंह, पीताम्बर कीलसाहब ,ठाकुरदास, सुरेश चंद्र, मुसीर कुरेशी,राजेन्द्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# देहात क्षेत्रों के केंद्रों पर बेकाबू किसानों को देख पुलिस बुलाकर दी जा रही डीएपी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जिले की सहकारी समितियों पर खाद का भरपूर स्टॉक होने के बाद भी किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद नहीं मिल रही। कभी पॉस मशीन का सर्वर डाउन तो कभी अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसानों को रात में ही वितरण केंद्रों पर आकर लाइनों में लगना पड़ रहा है। कई दिनों में बाद भी खाद की मारीमारी कम नहीं हो रही। हालत तो ये हो गए हैं कि केंद्र प्रभारी को पुलिस सुरक्षा में खाद का वितरण करना पड़ रहा है।शनिवार को शहर के गल्ला मंडी स्थित खाद केंद्रों के अलावा शीतलपुर, अलीगंज तिराहा एवं बली मोहम्मद चौराहा स्थित खाद केंद्रों पर डीएपी लेने वाले किसानों की सुबह चार बजे से ही लाइनें लगना शुरु हो गई। इससे पहले अधिकांश किसानों ने केंद्रों पर ही रात गुजारी। जैसे ही केंद्र खुलने के साथ खाद का वितरण शुरु किया गया। वैसे ही केंद्रों पर मौजूद पॉस मशीन का सर्वर डाउन हो गए, जिससे खाद वितरण दो घंटे से अधिक समय तक ठप रहा। सर्वर डाउन होने के कारण सुबह से शाम तक लगे अधिकांश किसानों के बीच पहले खाद लेने के चक्कर में मारामारी बनी रही। इसके साथ ही अधिकांश किसानों को खाद नहीं मिल सकी। इसके चलते उन्हे बगैर खाद लिए ही मायूस लौटना पड़ा। शनिवार को एआर कोआपरेटिव महावीर सिंह ने बताया कि जिले में किसानों को देने के लिए लक्ष्य से अधिक खाद का वितरण कराया जा रहा है। उसके बाद भी किसान पहले खाद लेने के चक्कर में रात-रात भर जागकर केंद्रों पर ही रुक रहे है। उन्होंने बताया कि पॉस मशीन सर्वर डाउन होने की समस्या एटा में ही नहीं पूरे देश में एक साथ होती है। थोड़ी देर सर्वर डाउन होने के बाद फिर से मशीन ठीक काम करना शुरु कर देती है। इतनी देर में किसान हल्ला मचा देते है। एक बोरी डीएपी के लिए केंद्र प्रभारी से गुहार-मिरहची। शनिवार को कस्बा स्थित सहकारी खाद भंडार पर सुबह से शाम तक डीएपी लेने वाले किसानों की भीड़ लगी। केंद्र प्रभारी दो एवं दो से अधिक डीएपी की बोरी लेने वाले किसानों को डीएपी देते रहे लेकिन उन्होंने कम जमीन वाले किसानों को एक बोरी डीएपी देने से इनकार कर दिया। जिससे किसान काफी परेशान होकर केंद्र प्रभारी से एक बोरी डीएपी के लिए गुहार लगाते रहे। खाद को लेकर वसुंधरा में रही मारामारी, पुलिस बुलाई- वसुंधरा। शनिवार नगला भूरा स्थित सहकारी खाद केंद्र पर डीएपी वितरण किया गया। जिसके चलते केंद्र पर भोर होते से ही सैकड़ों किसानों की भीड़ एक साथ खाद लेने को उमड़ पड़ी। पहले खाद पाने के चक्कर में किसान आपस में मारामारी करने लगे। जिसे देख केंद्र प्रभारी कोमल सिंह ने वसुंधरा चौकी इंचार्ज विपिन कुमार को सूचना दी। चौकी इंचार्ज कांस्टेबल जितेंद्र, गौरव, कपिल एवं उमरजीत के साथ मौके पर पहुंचे और अपनी देख रेख में खाद का वितरण कराया।

# उर्स-ए-कासमी का रविवार को कुल की महफिल के साथ समापन हुआ



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मारहरा स्थित खानकाहे बरकातिया की दरगाह पर चल रहे तीन दिवसीय उर्स-ए-कासमी का रविवार को कुल की महफिल के साथ समापन हुआ। इसमें कुल के बाद तबर्रकात की जियारत कराई गई सैयद अमान मियां कादरी ने अपने खिताब में बताया खुदा से डरो और मां-बाप को परेशान न करो। नमाज कायम करो और नमाज को पाबंदी के साथ पढ़ा करो। खानकाहे बरकातिया के सज्जादा नशीन सैयद नजीब हैदर नूरी ने डीएम अंकित कुमार अग्रवाल, एसएसपी उदय शंकर सिंह, मारहरा थाना प्रभारी सतपाल सिंह एवं रेलवे स्टेशन मास्टर के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष महमूद परवेज जुबैरी का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया और कहा कि इन सभी का उर्स के दौरान बहुत अच्छा सहयोग रहा। सैयद मोहम्मद अशरफ मियां कादरी ने अपने खिताब में कहा कि आप लोग अपने घरों के सामने कूड़ेदान रखा करें। ताकि घर का कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें। गंदगी का विशेष ध्यान रखा करें गंदगी से ही सारी बीमारियां पनपती हैं। खानकाहे बरकातिया के सज्जादा नशीन सैयद मोहम्मद अमीन मियां कादरी ने सभी को दुआओं से नवाजा और कुल की फातिहा पढ़ी और मुल्क के लिए अमन और चैन की दुआ मांगी। देश में अमन और चैन की दुआ मांगी उर्स के समापन में सैयद अमीन मियां कादरी ने देश की अमन-चैन की दुआ मांगी। वही दूरदाराज क्षेत्र से आए ज़ायरीन के लिये भी दुआ की।

गागर सागर जुलूस में व्यापारियों ने किया स्वागत-शनिवार को गागर सागर के जुलूस में बड़ा बाज़ार के व्यापारियों ने जुलूस की सरपरस्ती कर रहे सैयद नजीव हैदर नूरी और अमान मियां का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इसमें मुख्य रूप से गौरव गुप्ता, रामोतार गुप्ता, अनिल शर्मा, जगदीश सर्राफ, संजीव गुप्ता, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे। उर्स में हुए मोबाइल फोन चोरी, जेब भी कटी-उर्स में दूरदराज क्षेत्र से आए ज़ायरीन की जेबकटी हुई और मोबाइल चोरी हुए। इससे जायरीन को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ा

# 30 लाख खर्च के बाद भी प्यास नहीं बुझा सके वाटर फ्रीजर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-शहर के धार्मिक स्थलों, मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर लाखों खर्च करने के बाद लगवाए गए अधिकांश वॉटर फ्रीजर बंद होकर कई महीनों से धूल फांक रही हैं, जिससे शहरवासियों को आज भी शुद्ध पेयजल संबंधी दिक्कत है। जबकि नगर पालिका का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। तत्कालीन नगर पालिका ईओ डॉ. दीप कुमार वार्ष्णेय के कार्यकाल में कुल 30 लाख के बजट से शहर के विभिन्न स्थानों पर वाटर फ्रीजर इस आसय से लगवाए गए थे कि शहर के लोगों को मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर शुद्ध पेयजल के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े, लेकिन वाटर फ्रीजर लगाने के कुछ महीनों बाद ही अधिकांश स्थानों पर लगाए गए 80 फीसदी वाटर फ्रीजर बंद हो गए। शिकायत करने के बाद भी वाटर फ्रीजरों को दुरुस्त नहीं कराया गया है। इसके कारण शहर के लोगों को आज भी मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर शुद्ध पेयजल के लिए समस्याओं का सामना कर रहे है। नगर पालिका ने वाटर फ्रीजर लगवाने के बाद उनकी देखभाल करने के लिए किसी भी कर्मचारी को जिम्मेदारी नहीं दी। जिन स्थानों पर वाटर फ्रीजर लगाए गए हैं, वहीं के लोगों को उनके रख रखाव एवं संचालन की जिम्मेदारी दे दी गई है, जिससे जिम्मेदारों की मनमानी के चलते वाटर फ्रीजरों की बेकदरी हो रही है। पालिका के पास खराब वाटर फ्रीजरों को ठीक कराने के लिए बजट नहीं है। वैसे भी सर्दिया आ गई है अब वाटर फ्रीजरों की इतनी जरुरत नहीं है। गर्मी के दिनों में सभी फ्रीजरों को दुरुस्त करा दिया जाएगा।-संजय कुमार गौतम, ईओ नगर पालिका परिषद एटा।

# विधानसभा वार भारत जोड़ो यात्रा का हुआ आगाज

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-दतिमा मोड़- छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस जिला सूरजपुर के द्वारा भारत जोड़ो-नफरत छोड़ो यात्रा किया गया। पदयात्रा दतिमा चौक से केनापारा तक वहीं दूसरी ओर कालीघाट से सिलफिली तक पद यात्रा में संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े के उपस्थित में सम्पन हुई। युवा कांग्रेस के द्वारा उक्त पदयात्रा कार्यक्रम का देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण के साथ हुआ। जिसमे भारी बढ़ी संख्या में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में हो रही है। पदयात्रा को लेकर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव का कहना है कि राहुल गांधी भारत देश में एकता, सद्भावना ,भाईचारे, अमन चैन की भावना को लेकर हज़ारो किलोमीटर की पदयात्रा के लिये भारत जोड़ो यात्रा के लिये निकले है, जिसका अनुशरण करते हुए, और उनके संदेश को जन जन तक पहुचाने के लिये हमारे द्वारा यह यात्रा की जा रही हैं।

इस दौरान जिला महामंत्री कांग्रेस प्रदीप राजवाड़े, संजय दोशी, संजीत यादव, प्रदेश महासचिव राहुल जायसवाल, विधनसभा अध्यक्ष विक्की सम्मद्दार, नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज गुप्ता, परमेश्वर राजवाड़े विधनसभा अध्यक्ष लालजी राजवाड़े, आयुष जायसवाल, बजरंगी, मनोज, गोविंदा राजवाड़े, विक्की राजवाड़े, राजा,सोनू राजवाड़े, शिवधारी देवांगन,रामरती यादव, अन्तर यादव, अरविन्द यादव, ईश्वर राजवाड़े, गुलशन राजवाड़े, मनीष सिंह, शालू मित्तल, सिद्धू गुप्ता, अमान संतोष साहा, अमित विश्वास शिव, अभय, मिंटू, आकाश, दीपक यादव, अर्जुन सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

# लाल बहादुर शास्त्री जूनियर हाईस्कूल ढालवाला में मना बाल दिवस



उत्तराखंड- देवभूमि मां गंगा स्वयं सेवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने बाल दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री जूनियर हाईस्कूल ढालवाला में मनाया बाल दिवस और बच्चों से संवाद किया साथ ही मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। देवभूमि मां गंगा स्वयंसेवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष पर लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय ढालवाला में साइबर क्राइम और नशा मुक्ति हेतु जन जागरण अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य अतिथि चंद्रवीर पोखरियाल जी पूर्व राज्य मंत्री रमेश उनियाल जी, एन. सी भारद्वाज जी, पी.डी अग्रवाल जी व विशिष्ट अतिथि के तौर पर ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी, कर्मा इंटरनेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट अध्यक्ष अतुल शाह, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के प्रधानाध्यापक धनंजय रावत जी मौजूद थे। मां गंगा स्वयंसेवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्कूल के सभी बच्चों को चॉकलेट, आर्ट कॉपी, पेंसिल बॉक्स, रबड, पेंसिल, कलर का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कह कर पुकारते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के बीच कई खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ने बच्चों को खेल के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास के बारे मे बताया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को किसी प्रकार की कमी महसूस न हो, के लिए लगातार उनकी संस्था काम कर रही है। बच्चों को बाल दिवस के महत्व के विषय में बताया। बच्चे अपने जीवन को ओजस्वी बनाएं। बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्होंने स्कूल व अपने घर आस-पास को साफ रखने पर बल दिया। देवभूमि मां गंगा स्वयंसेवी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक श्रीमती रीना उनियाल ने कहा कि भावी पीढ़ी को नशा मुक्त समाज प्रदान करने के लिए हमें एकजुट हो कर इसको समाप्त करना होगा। वहीं नशा परिवार को तोड़ता है। नशा समाज को दूषित करता है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है।'कल्प लिया। इस मौके पर देवभूमि मां गंगे स्वयंसेवी चैरिटेबल ट्रस्ट सचिव- अमिता उनियाल, कोषाध्यक्ष- योगेश उनियाल, मधु रतूड़ी, संगीता शर्मा, ज्योति जी, सुषमा बहुगुणा, स्कूल के प्रधानाध्यापक धनंजय रावत जी, राजेंद्र लिंगवाल जी सभी अध्यापक, अध्यापिका और समस्त विद्यार्थी आदि लोग मौजूद थे।

# मैनपुरी उपचुनाव- डिंपल ने भरा पर्चा, बोलीं-नेताजी का आशीर्वाद है साथ; अखिलेश ने मुलायम के नाम पर की अपील



मैनपुरी लोकसभा सीट पर 5 दिसम्बर 2022 को होने वाले उपचुनाव के लिए डिंपल यादव ने नामांकन कर दिया है। नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव ऐसे में होने जा रहा है जब नेताजी ( मुलायम सिंह यादव ) हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने मैनपुरी की जनता से नेताजी के नाम पर ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील की। वहीं डिंपल यादव ने कहा कि नेताजी का आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ है। डिंपल के नामांकन में शिवपाल सिंह यादव के शामिल को टालते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पूरा परिवार साथ है। नामांकन से पहले डिंपल और अखिलेश ने सैफई में मुलायम सिंह यादव के समाधि स्थल पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और आशीर्वाद लिया। वहीं कलेक्ट्रेट में डिंपल यादव ने चाचा रामगोपाल यादव के पैर छूकर आशीर्वाद लिए। नामांकन के बाद प्रेम कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि मैनपुरी की जनता से नेताजी का सीधा-सीधा लगाव रहा है। आज जब नेताजी हमारे बीच में नहीं हैं मैं मैनपुरी की जनता से यही अपील करना चाहता हूं कि नेताजी के बताए हुए रास्ते पर हम सब चलें। जिस राजनीतिक, सामाजिक सम्मान के साथ नेताजी ने आर्थिक लड़ाई लड़ी है उसे आगे बढ़ाने का काम समाजवादी पार्टी करेगी। डिंपल यादव यहां से प्रत्याशी हैं और मुझे पूरा भरोसा है कि यहां की जनता एक बार फिर नेताजी के नाम पर उन्हें ऐतिहासिक वोटों से जिताएगी। इस मौके पर डिंपल यादव ने कहा कि मैनपुरी ने नेताजी को पहचान दी और नेताजी ने मैनपुरी को पहचान दी। नेताजी का आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहा है। मुझे उम्मीद है कि मैनपुरी की जनता का आशीर्वाद भी समाजवादी पार्टी के साथ रहेगा, आने वाले दिनों में।

## सब मिलकर करेंगे प्रचार

प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने शिवपाल सिंह यादव के नामांकन में मौजूद न रहने के सवाल को कई बार टालने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि नेताजी के निधन से दुखी होने के चलते केवल प्रस्तावकों और बहुत कम समर्थकों के साथ नामांकन किया है। उन्होंने दावा किया कि पूरा परिवार साथ है और आने वाले दिनों में सब मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे। बता दें कि आज शिवपाल सिंह यादव लखनऊ में अपनी पार्टी के कार्यालय पर मौजूद रहे। वह डिंपल के नामांकन के लिए मैनपुरी नहीं गए।

## तेजप्रताप को टिकट सवाल को भी टाला

अखिलेश यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में तेजप्रताप के टिकट के सवाल को भी टाल दिया। उन्होंने सवाल पूछने वाले पत्रकार से मुस्कुराते हुए कहा, आप मैनपुरी के हैं...। उन्होंने कहा कि तेजप्रताप बगल में बैठे हैं, आपको उन्हीं से पूछना चाहिए। इस पर अखिलेश के साथ-साथ तेजप्रताप भी मुस्कुरा दिए।

## बीजेपी पर धांधली का आरोप

अखिलेश यादव ने पूर्व में आजमगढ़ और रामपुर संसदीय सीट पर उपचुनाव में सपा को मिली हार पर हुए सवाल पर बोलते हुए कहा कि जिस ढंग से प्रशासन के माध्यम से लोगों को नहीं डालने दिया गया, वो सबने देखा।


## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527